भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4064

25 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: बाढ़ से प्रभावित कृषि भूमि

4064. श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर:

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बाढ़ से प्रतिवर्ष प्रभावित होने वाली कृषि भूमि के कुल क्षेत्रफल का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या प्रभावित कृषि क्षेत्रों के लिए कोई नई तकनीक विकसित की गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है क्योंकि कई क्षेत्र वर्षों से आज तक बाढ़ से प्रभावित होते रहे हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ग): बाढ़ से प्रभावित कृषि भूमि का विवरण केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखा जाता है। तथापि, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 (18.03.2025 तक) के दौरान बाढ़ सहित जल-मौसम संबंधी आपदाओं के कारण प्रभावित फसल क्षेत्र का विवरण अनुबंध में है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए भूमि सुधार (ऑलटरनेट रेज्ड एंड फरो बेड सिस्टम), कृषि वानिकी के साथ एकीकृत कृषि प्रणाली, बाढ़-सहिष्णु धान की किस्मों (अर्थात हंगेश्वरी, सबिता, आदि), सिंघाड़ा, मखाना की खेती और बाढ़ के बाद के प्रबंधन के लिए पुराने चावल के पौधों के उपयोग का सुझाव भी दिया था। इसके अलावा, बाढ़ सहित मौसम संबंधी असामान्यताओं और चरम जलवायु घटनाओं की स्थिति में तैयारी और कार्यान्वयन के लिए 651 जिला कृषिगत आकस्मिक योजनाएं विकसित की गई हैं।

लो.स.अता.प्र.सं.4064

<u>अनुबंध</u>

वर्ष 2024-25 के दौरान जल-मौसम संबंधी आपदाओं के कारण राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा बताए गए नुकसान का विवरण

(दिनांक 18.03.2025 तक अनंतिम)

क्र.सं.	राज्य	प्रभावित फसल क्षेत्र (लाख हेक्टेयर में)
1.	आंध्र प्रदेश	0.11
2.	अरुणाचल प्रदेश	-
3.	असम	1.38
4.	बिहार	-
5.	छत्तीसगढ	-
6.	गोवा	-
7.	गुजरात	-
8.	हरियाणा	-
9.	हिमाचल प्रदेश	-
10.	कर्नाटक	2.86
11.	केरल	-
12.	मध्य प्रदेश	-
13.	महाराष्ट्र	-
14.	मणिपुर	0.01
15.	मेघालय	0.01
16.	मिजोरम	0.21
17.	नागालैंड	0.03
18.	ओडिशा	0.22
19.	पंजाब	-
20.	राजस्थान	-
21.	सिक्किम	-
22.	तमिलनाडु	4.00
23.	तेलंगाना	-
24.	त्रिपुरा	-
25.	उत्तर प्रदेश	3.95
26.	उत्तराखंड	0.05
27.	पश्चिम बंगाल	1.38
28.	दिल्ली	-
29.	जम्मू एवं कश्मीर	0.02
30.	पुदुचेरी	0.01
	कुल	**14.24**

*****